भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

26.06.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 660 का उत्तर

नए रेल संग्रहालय

660. श्री हिबी इडनः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में नए रेल संग्रहालय बनाने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या एर्नाकुलम टर्मिनस रेलवे स्टेशन, जो इस समय परित्यक्त अवस्था में है, पर विकास अथवा किसी प्रकार के कार्यकलाप शुरू करने के लिए सरकार के पास कोई प्रस्ताव लंबित है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई/किए जाने का विचार है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): सरकार की मौजूदा नीति देश के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर औचित्य/व्यवहार्यता के अध्यधीन डिजिटल म्यूज़ियम विकसित करने की है। यह कार्य रेल मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम मैसर्स भारतीय रेलटेल निगम लि. को सौंपा गया है। इसके अलावा, आवश्यकतानुसार, रेलवे स्टेशनों सहित विभिन्न स्थानों पर म्यूज़ियम भी विकसित किए जा सकते हैं।

(ग) और (घ): सार्वजनिक-निजी भागीदारी मोड के तहत तत्कालीन एर्णाकुलम गुड्स स्टेशन को विकसित करने के लिए रेल मंत्रालय और केरल सरकार के एक संयुक्त उद्यम केरल रेल विकास निगम लि. से एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

******

Sk